लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1347
01 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

स्पांज आयरन संयंत्र का पुनरुद्धार

1347. श्री चन्द्र प्रकाश जोशी:
श्री एस. पी. मुद्दाहनुमे गौड़ा:
श्री नारणभाई काछड़िया:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के विभिन्न भागों में कुछ स्पांज आयरन संयंत्र बंद हो गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं संयंत्र-वार इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार उक्त संयंत्रों के पुनरुद्धार हेतु कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) और (ख): देश के विभिन्न भागों में बंद किए गए स्पंज आयरन संयत्रों के ब्यौरे, जैसा कि संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी) को सूचना दी गयी है, निम्नवत हैं। संबंधित संयंत्रों द्वारा इन्हें बंद करने के कारणों का उल्लेख नहीं किया गया था।

यूनिट का नाम	राज्य
एन.आर. स्पंज प्राईवेट लिमिटेड	छत्तीसगढ
विश्वनाथ फैरो एलॉय लिमिटेड	झारखण्ड
बाबा अखिला साई ज्योति इंडस्ट्रीज (प्रा.) लिमिटेड	कर्नाटक
त्रिमूर्ति इस्पात लिमिटेड	महाराष्ट्र
गुप्ता मेटालिक्स एंड पावर लिमिटेड	महाराष्ट्र
द उड़ीसा मिनरल्स डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड.	उडीसा
मेसर्स पवनसुत स्पंज (प्रा.) लिमिटेड	उडीसा
आदित्या स्पंज एंड पावर प्राईवेट लिमिटेड	उडीसा

(ग) और (घ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और इसलिए सरकार की भूमिका एक सुविधादाता मात्र के रूप में होती है। निवेशगत निर्णय व्यक्तिगत निवेशकों द्वारा वाणिज्यिक सोच-विचार के आधार पर लिए जाते हैं।

***